# भारतीय शिक्षा बोर्ड
# आदर्श प्रश्न पत्र - अर्धवार्षिक आकलन
# हिंदी - कक्षा 7
# सत्र 2026-27

**निर्धारित समय:** 3 घंटे **अधिकतम अंक:** 80

**निर्देश**:

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें |
- कृपया जाँच कर लें कि इस कार्य पत्रक में 05 मुद्रित पृष्ठ हैं |
- छात्रों को कार्यपत्रक समझाने हेतु अध्यापक को 10 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया गया है,
- इस अवधि में छात्र केवल कार्यपत्रक को समझेंगे एवं उत्तर लिखना प्रारंभ नहीं करेंगे |
- कार्यपत्रक में कुल 15 प्रश्न हैं | सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- सभी प्रश्नों के आगे उनके लिए निर्धारित अंक लिख दिए गये है|

---

**खंड-क (अपठित बोध)**

1. **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (कुल अंक 5)**

पत्रों की दुनिया भी अजीबोगरीब है और उसकी उपयोगिता हमेशा से बनी रही है। बेशक आजकल फोन, मैसेज, ईमेल जैसे साधन आ गए हैं, पर पत्र का महत्व आज भी कम नहीं हुआ है। इसकी वजह यह है कि पत्र जो काम कर सकते हैं, वह संचार के आधुनिक साधन नहीं कर सकते। पत्र एक नया सिलसिला शुरू करते हैं और राजनीति, साहित्य तथा कला के क्षेत्रों में तमाम विवाद और नई घटनाओं की जड़ भी पत्र ही होते हैं। दुनिया का तमाम साहित्य पत्रों पर केंद्रित है और मानव सभ्यता के विकास में इन पत्रों ने अनूठी भूमिका निभाई है। पत्रों का भाव हमेशा एक जैसा होता है, फिर चाहे वे गाँव के हों या शहर के, बड़े हों या छोटे, आम आदमी के हों या किसी प्रसिद्ध व्यक्ति के।

(क) **पत्रों की दुनिया को कैसा बताया गया है?** **(1)**

(i) साधारण और नीरस
(ii) अजीबोगरीब और उपयोगी
(iii) धीमी और बोझिल
(iv) केवल आधुनिक

(ख) **संचार के किन आधुनिक साधनों का उल्लेख गद्यांश में किया गया है?** **(1)**

(i) तार और फैक्स
(ii) फोन, मैसेज और ईमेल
(iii) रेडियो और टेलीविज़न
(iv) इंटरनेट और वीडियो कॉल

(ग) **गद्यांश के अनुसार, पत्र किन क्षेत्रों में विवादों और नई घटनाओं की जड़ होते हैं?** **(1)**

(i) केवल व्यक्तिगत जीवन में

(ii) राजनीति, साहित्य और कला में

(iii) विज्ञान और प्रौद्योगिकी में

(iv) शिक्षा और खेलकूद में

(घ) **निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर दीजिये** **(1x2)**

(i) मानव सभ्यता के विकास में पत्रों की भूमिका कैसी बताई गई है?

(ii) पत्रों के 'भाव' के बारे में क्या कहा गया है?

**प्रश्न 2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **(5)**

*हम दीवानों की क्या हस्ती,*
*हैं आज यहाँ, कल वहाँ चले,*
*मस्ती का आलम साथ चला,*
*हम धूल उड़ाते जहाँ चले।*
*आए बनकर उल्लास अभी,*
*आँसू बनकर बह चले अभी,*
*सब कहते ही रह गए, अरे,*
*तुम कैसे आए, कहाँ चले?*

**(क) : 'हम दीवानों की क्या हस्ती' से कवि का क्या तात्पर्य है?**

(i) हम बहुत शक्तिशाली हैं

(ii) हमारा कोई निश्चित अस्तित्व नहीं है

(iii) हम बहुत घमंडी हैं

(iv) हम बहुत प्रसिद्ध हैं

**(ख) : 'मस्ती का आलम साथ चला' पंक्ति का क्या आशय है?**

(i) कवि हमेशा मस्ती में रहते हैं

(ii) कवि जहाँ भी जाते हैं, अपने साथ खुशियाँ और मस्ती का माहौल ले जाते हैं

(iii) कवि को अकेले रहना पसंद है

(iv) कवि के साथ बहुत सारे लोग चलते हैं

**(ग) : कवि के आने को 'उल्लास' क्यों कहा गया है?**

(i) क्योंकि वे सबको हँसाते हैं

(ii) क्योंकि वे जहाँ जाते हैं, खुशियाँ फैलाते हैं

(iii) क्योंकि वे बहुत शोर मचाते हैं

(iv) क्योंकि वे तोहफे लेकर आते हैं

**(घ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिये**

(i) लोगों को कवि का जाना कैसा लगता है?

(ii) इस पद्यांश में ‘तुम कैसे आये कहा चले’ का क्या आशय है

## खंड -ख ( व्याकरण)

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **(1x5= 5)**

(i) "रमेश, सुरेश के साथ खेल रहा है" वाक्य में संज्ञा के स्थान पर सर्वनाम का प्रयोग कर एक नया वाक्य लिखिए |

(ii) 'वान' प्रत्यय का प्रयोग कर दो शब्द लिखिए |

(iii) सर्वनाम के कितने प्रकार होते हैं ?

(iv) 'मैं' सर्वनाम का कौन-सा प्रकार है?

(v) 'एक तिनका है बहुत तेरे लिए' इस वाक्य को सामान्य वाक्य में बदल कर लिखिए।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **(1x5= 5)**

(i) गुणवाचक विशेषण के दो उदाहरण लिखिए |

(ii) ' दबे पाँव भागना' मुहाबरे का क्या अर्थ है ?

(iii) 'मच्छर' का स्त्रीलिंग रूप क्या होगा?

(iv) ' लड़की खाना खाती है' इस वाक्य में कौन सा वाच्य है?

(v) 'पेड़ काटे गये' इस वाक्य में कौन सा वाच्य है ?

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **(1x5= 5)**

(i) 'हिंदी में कितने प्रकार के वचन होतें है?

(ii) 'सैनिक' में कौन सा वचन है?

(iii) 'हमें प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिए' इस वाक्य में क्रियाविशेषण शब्द की पहचान कर लिखिए|

(iv) 'वाह ! कितना सुन्दर दृश्य है'| वाक्य में विस्मयादिबोधक शब्द कौन-सा है लिखिए |

(v) 'मोहन भी प्रतिदिन घूमने जाता है'। वाक्य में निपात की पहचान कीजिए और लिखिए |

**प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए —** **(1x5= 5 )**

(i) 'वह दौड़ता है'— इसमें क्रिया का कौन सा रूप है?

(ii) रोना, पढना, हंसना, दौड़ना, गाना, खाना शब्दों में अकर्मक क्रिया कौन-कौन हैं लिखिए।

(iii) क्रिया के मुख्य कितने भेद होते हैं?

(iv) 'हरी पद कोमल कमल से' इस वाक्य में कौन सा अलंकार है ?

(v) अधिकरण कारक का चिह्न क्या है ?

## खंड -ग (पाठ्य पुस्तक)

**प्रश्न 7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए —** **(1x5=5)**

"बाबा भारती ने मुड़कर कहा—'ठहरो! ' खड़ग सिंह रुक गया। बाबा भारती ने पास जाकर उसकी ओर ऐसी आँखों से देखा जैसे बकरा कसाई की ओर देखता है और कहा—'यह घोड़ा अब तुम्हारा हो चुका है, मैं तुमसे इसे वापस करने के लिए न कहूँगा। परन्तु खड़ग सिंह, केवल एक प्रार्थना करता हूँ, उसे अस्वीकार न करना, नहीं तो मेरा दिल टूट जाएगा।' खड़ग सिंह ने पूछा—'बाबा जी, आज्ञा दीजिए, मैं आपका दास हूँ, केवल यह घोड़ा न

दूँगा।" अब घोड़े का नाम न लो। मैं तुमसे इसके विषय में कुछ न कहूँगा। मेरी प्रार्थना केवल यह है कि इस घटना को किसी के सामने प्रकट न करना।"

(i) बाबा भारती ने खड़ग सिंह को रुकने के लिए क्यों कहा?
(ii) बाबा भारती ने खड़ग सिंह की ओर किस प्रकार देखा?
(iii) खड़ग सिंह ने स्वयं को बाबा भारती का क्या बताया?
(iv) खड़ग सिंह कौन सी वस्तु बाबा भारती को वापस नहीं करना चाहता था?
(v) बाबा भारती ने खड़ग सिंह से क्या प्रार्थना की थी?

**प्रश्न 8. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (1x5)**

''सतगुरु की महिमा अनंत, अनंत किया उपकार। लोचन अनंत उघाड़िया, अनंत दिखावणहार।।''
''पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोइ। एकै आखर पीव का, पढ़ै सो पंडित होइ।।''
''माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर। कर का मनका डारि दे, मन का मनका फेर।।''

(i) सतगुरु ने शिष्य की कौन-सी आँखें (लोचन) खोल दी हैं?
(ii) कबीर के अनुसार सच्चा पंडित या विद्वान कौन है?
(iii) 'माला फेरत जुग भया' पंक्ति के माध्यम से कवि किस पर प्रहार कर रहे हैं?
(iv) 'मन का मनका फेर' में कवि क्या त्यागने और क्या अपनाने की सलाह दे रहे हैं?
(v) 'अनंत दिखावणहार' से क्या तात्पर्य है?

**प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए– (2x3=6)**

(i) लेखक के घर में कौन-कौन से जीव आते थे?
(ii) बाबा भारती सबसे ज्यादा किसे प्यार करते थे?
(iii) सर्वप्रथम कौन-सी इन्द्रिय निकलकर गई?
(iv) कुलदीप से मास्टर जी ने क्या कहा?

**प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 100-120 शब्दों में लिखिए- (3x3=9)**

(i) बाढ़ के समय आप किस प्रकार लोगों की मदद करेंगें लिखिए |
(ii) बोधायन सूत्र के अंतर्गत कौन कौन से ग्रन्थ आते हैं ?
(iii) ऋषिका अदिति वात्सल्य प्रेम की जीवंत मूर्ति हैं | आपके जीवन में 'वात्सल्य प्रेम की जीवंत मूर्ति' कौन है और क्यों ?
(iv) पृथ्वी पर मनुष्यों के साथ पशुओं का सहजीवन प्रकृति का नियम है | आप इस विषय पर अपने विचार लिखिए ?

**प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए (2x3=6)**

(i) अरुण यह मधुमय देश हमारा' गीत किस नाटक से लिया गया है ?
(ii) 'कविता में तिनका किसका प्रतीक है ?
(iii) सत्संगति से कोई दो लाभ लिखिए ?
(iv) 'अनजान क्षितिज' को कहाँ पहुँचने पर सहारा मिलता है ?

**प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 100-120 शब्दों में लिखिए– (3x3=9)**

(i) 'एक तिनका' कविता से प्राप्त शिक्षा को किस प्रकार समाज के लिए उपयोगी बनाया जा सकता है?

(ii) 'मनुष्य की पहचान उसके कर्म से होती है न की ऊँचे कुल में जन्म लेने से'| आप इस विचार से कितने सहमत है अपने विचार लिखिए |

(iii) भारत प्राचीन काल से ही बाहरी या अन्य देशों से आने वाले लोगों की आश्रय-स्थली रहा है – क्या आज यही दया भाव देश के आंतरिक शांति के लिए खतरा बन गया है ? अपने तर्कसंगत विचार लिखिए |

(iv) तिनका निकल जाने के बाद कवि ने क्या सोचा होगा ? अपने अनुमान से लिखिए |

**खंड- घ (रचनात्मक लेखन)**

**प्रश्न 13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गये संकेत बिन्दुओं का प्रयोग करते हुए लगभग 120-130 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए – (5)**

**विषय 1: समय का सदुपयोग**

- संकेत बिंदु:

(i) समय का महत्त्व

(ii) गया समय वापस नहीं आता

(iii) विद्यार्थी जीवन में समय की उपयोगिता

(iv) समय के सदुपयोग से लाभ और उपसंहार

**विषय 2: बढ़ता प्रदूषण: कारण और निवारण**

- संकेत बिंदु:

(i). प्रदूषण का अर्थ और प्रकार

(ii) . प्रदूषण बढ़ने के प्रमुख कारण

(iii) . मानव स्वास्थ्य और प्रकृति पर दुष्प्रभाव

(iv) . प्रदूषण रोकने के उपाय

**विषय 3: सोशल मीडिया: वरदान या अभिशाप**

- संकेत बिंदु:

(i) . सोशल मीडिया का अर्थ और बढ़ता प्रभाव

(ii). इसके सकारात्मक पक्ष (ज्ञान और संचार)

(iii) . सोशल मीडिया के दुरुपयोग और दुष्प्रभाव

(iv) . सही उपयोग के लिए सुझाव और निष्कर्ष

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए: (5)**

1. आपके विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी की पत्र-पत्रिकाओं और आधुनिक ज्ञान-विज्ञान की पुस्तकों की कमी है। इनकी पूर्ति के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**अथवा**

2. गर्मियों की छुट्टियाँ एक साथ बिताने का निमंत्रण देते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।